अनुसूचित जाति समुदाय के लिये राजस्थान सरकार की योजना

चर्चा में क्यों?

राजस्थान सरकार ने **'वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना'** से प्रेरित होकर राजस्थान के अनुसूचित जाति (SC) के निवासियों के लिये डॉ. बी.आर. अंबेडकर से जुड़े पाँच ऐतिहासिक स्थलों तक **मुफ्त रेल यात्रा** की योजना शुरू की है।

मुख्य बिंदु

- **योजना के बारे में:**
  - इस पहल का उद्देश्य **डॉ. अंबेडकर** के जीवन और कार्य से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा की सुविधा प्रदान करके उनकी **विरासत का सम्मान** करना है।
  - **डॉ. बी.आर. अंबेडकर से संबंधित स्थल**:
- **अंबेडकर जन्मस्थान (महू, मध्य प्रदेश)**:
  - भीम जन्मभूमि, अंबेडकर की 100वीं जयंती पर उद्घाटन किया गया एक **स्मारक** है, जो प्रतिवर्ष लाखों आगंतुकों को आकर्षित करता है, विशेष रूप से अंबेडकर जयंती (14 अप्रैल) पर, जो **सामाजिक समानता और स्मरण** के केंद्र के रूप में कार्य करता है।
- **दीक्षा भूमि (नागपुर, महाराष्ट्र)**:
  - यह स्थल 14 अक्तूबर 1956 को डॉ. अंबेडकर के बौद्ध धर्म अपनाने का प्रतीक है, जहाँ उनके 4,00,000 से ज़्यादा अनुयायी थे। यहाँ **एशिया के सबसे बड़े स्तूपों** में से एक है और यहाँ **धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस** समारोह आयोजित किया जाता है, जिसमें हर साल लाखों लोग आते हैं।
- **महापरिनिर्वाण भूमि (दिल्ली/अलीपुर रोड)**:
  - वह स्थान जहाँ **6 दिसंबर 1956** को डॉ. अंबेडकर ने **महापरिनिर्वाण** प्राप्त किया था। भारतीय संविधान के समान डिज़ाइन किया गया यह **स्मारक** आधुनिक और बौद्ध स्थापत्य कला को जोड़ता है, जो उनकी **विरासत का प्रतीक** है।
- **चैत्य भूमि (मुंबई, महाराष्ट्र)**:
  - डॉ. अंबेडकर का **समाधि स्थल**, हाशिये पर पड़े समुदायों के लिये **आशा और एकता का प्रतीक**। यह **अंबेडकरवादी** और **नव-बौद्ध आंदोलनों** के लिये एक **केंद्रीय सभा स्थल** के रूप में कार्य करता है।
- **इंदु मिल स्मारक (मुंबई)**:
  - दादर में पूर्व **इंदु मिल स्थल** को एक **भव्य स्मारक** के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें **350 फीट ऊँची कांस्य प्रतिमा** और **बौद्ध-प्रेरित वास्तुकला** होगी, जो डॉ. अंबेडकर की **विरासत का प्रतीक** है और एक **शैक्षिक स्थल** प्रदान करेगा।
- **योजना लाभ**:
  - **यात्रा, आवास और भोजन** से संबंधित सभी खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किये जाएंगे।
- **आवेदन प्रक्रिया**:
  - आवेदकों को **ज़िला स्तरीय समिति** द्वारा आयोजित **समीक्षा प्रक्रिया** से गुजरना होगा।
- **चयन प्रक्रिया**:
  - यदि आवेदकों की संख्या **उपलब्ध स्लॉट** से अधिक हो जाती है, तो चयन **कम्प्यूटरीकृत लॉटरी** या अन्य **पारदर्शी विधि** के माध्यम से किया जाएगा, जिसके परिणाम **आधिकारिक विभागीय वेबसाइट** और **सूचना पोर्टल** पर प्रकाशित किये जाएंगे।
- **पात्रता मानदंड**:
  - आवेदक राजस्थान के अनुसूचित जाति समुदाय से होना चाहिये
  - **गैर-आयकरदाता** होना चाहिये
  - **जन आधार कार्ड** होना चाहिये और
  - **संक्रामक रोगों** (जैसे, COVID-19, टीबी) से पीड़ित नहीं होना चाहिये।

डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर

(14 अप्रैल, 1891-06 दिसंबर, 1956)

बाबासाहेब अंबेडकर

भारतीय संविधान के जनक

संक्षिप्त परिचय

- एक समाज सुधारक, न्यायविद, अर्थशास्त्री, लेखक और तुलनात्मक धर्मों के विचारक
- **वायसराय की कार्यकारी परिषद (1942)** में श्रम मामलों के जानकार सदस्य
- नए संविधान के लिये **मसौदा समिति के अध्यक्ष**
- भारत के **प्रथम विधि मंत्री**
- मरणोपरांत **भारत रत्न से सम्मानित (1990)**

योगदान

- हिंदुओं के खिलाफ **वर्ष 1927 में महाड़ सत्याग्रह** का नेतृत्व
- **तीनों गोलमेज सम्मेलनों में** भाग लिया
- दलित वर्गों के लिये पृथक् निर्वाचक मंडल के विचार को त्यागने के लिये महात्मा गांधी के साथ **वर्ष 1932 के पूना पैक्ट पर हस्ताक्षर किये**

प्रांतीय विधायिकाओं में वंचित वर्गों के लिये आरक्षित सीटों को 71 से बढ़ाकर 147 और केंद्रीय विधानमंडल में 18% कर दिया गया था।

- **जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे का विरोध** (अनुच्छेद **370**)
- **समान नागरिक संहिता** का समर्थन
- अनुच्छेद **32** को **"संविधान की आत्मा और इसके हृदय"** के रूप में संदर्भित किया

त्याग-पत्र और बौद्ध धर्म

- **हिंदू कोड बिल** पर मतभेद के कारण वर्ष **1951** में उन्हें कैबिनेट से त्याग-पत्र देना पड़ा
- बौद्ध धर्म को अपनाया; उनकी मृत्यु को **महापरिनिर्वाण दिवस** के रूप में मनाया जाता है

महत्त्वपूर्ण पत्रिकाएँ

- मूकनायक **(1920)**
- बहिष्कृत भारत **(1927)**
- समता **(1929)**
- जनता **(1930)**

संगठन

- **'बहिष्कृत हितकारिणी सभा'** की स्थापना **(1923)**
- **स्वतंत्र लेबर पार्टी** की स्थापना **(1936)**
- **शेड्यूल्ड कास्ट फेडरेशन** की स्थापना **(1942)**

पुस्तकें

- जाति का विनाश **(Annihilation of Caste)**
- बुद्ध या कार्ल मार्क्स **(Buddha or Karl Marx)**
- अछूत: वे कौन थे और अछूत कैसे बने **(The Untouchable: Who are They and Why They Have Become Untouchables)**
- हिंदू महिलाओं का उदय और पतन **(The Rise and Fall of Hindu Women)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-government-s-initiative-for-sc-community